तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025

08 आड़ावाल को हराकर फुटबाल एकेडमी ...



08 निगम अध्यक्ष ने लिया बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा





2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# महारानी अस्पताल में हर महीने 350 मरीज करवा रहे डायलिसिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

शासकीय जिला महारानी अस्पताल में हर महीने 350 मरीज डायलिसिस करवा रहे हैं। इस तरह से अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा का उपयोग बड़ी संख्या में लोग कर रहे हैं। डायलिसिस एक ऐसी प्रक्रिया है, जो उन लोगों के लिए आवश्यक होती है जिनके गुर्दे ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। जब गुर्दे फेल हो जाते हैं, तो वे रक्त से विषाक्त पदार्थों को निकालने में सक्षम नहीं होते हैं और डायलिसिस इस काम को करने में मदद करता है। डायलिसिस से क्षेत्र में गुर्दे की बीमारी से पीड़ति लोगों की संख्या अधिक है और अस्पताल उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डायलिसिस एक महंगी प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन डायलिसिस उपचार में आयुष्मान कार्ड का उपयोग नहीं कर रहे हैं, बल्कि निःशुल्क किया जा रहा है। डायलिसिस करने की सुविधा से मरीजों को जहां सर्वसुविधायुक्त ऑपरेशन थियेटर, अत्याधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जटिल ऑपरेशन तथा अन्य उपचार को संवेदनशीलता के साथ किया जा रहा है। यहां तक कि डायलिसिस मरीजों को खून बढ़ने वाला इंजेक्शन निःशुल्क दिया जा रहा है, जबकि यह एक इंजेक्शन 3500 रूपए है। डायलिसिस सेंटर की प्रभारी रीमा दानी कर्मचारियों के साथ मरीजों को सुविधा में देने जुटे हुए हैं।

## डायलिसिस मरीजों को दिया जा रहा खून बढ़ाने वाला इंजेक्शन

### अत्याधुनिक उपकरणों से कर रहे इलाज

डायलिसिस सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन ने बताया कि सेंटर में मरीजों की अत्याधुनिक उपकरणों से इलाज की सुविधा दी जा रही है। महारानी अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध होने के चलते अब बस्तर अंचल के जरूरतमंद मरीजों को राज्य के दूसरे अस्पतालों में जाकर महंगी उपचार से निजात मिली है और उनके समय एवं धनराशि दोनों की बचत हो रही है।



### मरीजों को हो रही सहूलियत

महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि महारानी जिला अस्पताल में डायलिसिस सुविधा उपलब्ध होने से बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को सबसे ज्यादा सहूलियत हो रही है। यहां पर बस्तर अंचल के साथ ही अन्य जिलों से जरुरतमंद मरीज आकर स्वास्थ्य सुविधा से लाभान्वित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सफाई में शहर का रैंक बढ़ने से कांग्रेस परेशान

**जगदलपुर।** नगर निगम में स्वच्छता समिति के सभापति लक्ष्मण झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा की नगर निगम में कांग्रेस 9 साल काबिज रही। इस दौरान नगर निगम की स्वच्छता रैंकिंग 107 थी। जो कांग्रेस की कार्यप्रणाली को दशार्ती है। कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान स्वच्छता को लेकर किसी तरह का कोई कार्य नहीं किया जिसकी वजह से नगर में चारों ओर अव्यवस्था थी। महापौर संजय पांडे के नेतृत्व में विगत तीन महीने में नगर निगम में स्वच्छता के लिए ईमानदारी से प्रयास किए गए जिसका परिणाम है कि नगर निगम स्वच्छता रैंकिंग में देश में 15 वें प्रदेश में दूसरे नंबर पर आ गया है। इसी वजह से कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष बौखलाये हुए हैं क्योंकि जो कार्य कांग्रेस ने 9 सालों में नहीं किया वह कार्य महापौर के नेतृत्व और नगरवासियों के सहयोग से हमने 5 महीने में करके दिखा दिया। अब हमारा लक्ष्य देश और प्रदेश दोनों में नगर निगम को नंबर वन बनाना है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी को नसीहत देते हुए कहा कि विद्यालयों में जिन कचरे को वीडियो बनाकर वह दिखा रहे हैं उसी को उचित स्थान में डालने की अपील महापौर कर रहे है और नेता प्रतिपक्ष होने के नाते नगर को स्वच्छ रखना उनकी भी जिम्मेदारी है। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर महापौर के स्वच्छता अभियान में जुड़कर शहर को नंबर 1 बनाने में सहयोग दें।



### फुटू 200 में 4 जूड़ी व बोड़ा 500 रुपए किलो में बिका



**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को फुटू 200 रूपए में 4 जूड़ी एवं बोड़ा 500 रूपए किलो में बिका है। साथ ही लोकल टमाटर नहीं आने से बैंगलोर के टमाटर शहर में पहुंच रहा है, जिसके चलते टमाटर महंगा हो गया है। बाजार में टमाटर 25, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 50, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 40, अदरक 180, लहसून 250 एवं धनियापत्ती 200 रूपए किलो में बिक रहा है। बाजार में शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के खरीददारों की भीड़ लगी रही।

### आयोग में ई-हियरिंग आज

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जगदलपुर कलेक्टोरेट परिसर में ई-हियरिंग की शुरूआत 21 जुलाई सुबह 11 बजे छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग रायपुर के अध्यक्ष एवं न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया जा रहा है। उक्त जानकारी जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जगदलपुर के अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल ने दी।

### आमागुड़ा चौक में किया जाएगा चक्काजाम कल

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसी ई.डी. द्वारा केंद्र व राज्य ▶▶| शेष पेज 8 पर

## भर्ती परीक्षा: सब इंजीनियर बनने 759 अभ्यर्थियों ने दिया एग्जाम परीक्षा, 340 अनुपस्थित

# अभ्यर्थियों की फुल शर्ट का आस्तीन कटाया गया, चेन तुलसी की माला, बालियां उतरवाई और जैमर भी लगा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

व्यापम द्वारा आयोजित सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा में रविवार को 1099 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 759 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, वहीं 340 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कड़े नियम कायदों के बीच शहर के तीन सेंटरों में हुई परीक्षा में फुल शर्ट पहनकर आए तीन अभ्यर्थी का आस्तीन कैंची से काट दिया गया। वहीं दूसरी ओर गले की चेन, तुलसी की माला एवं कान की बालियां सहित अन्य आभूषण भी उतरवा लिए गए।

विदित हो कि व्यापम द्वारा जल संसाधन विभाग में 121 पदों पर सब इंजीनियरों की भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया। कुछ दिनों पूर्व ही बिलासपुर में आधुनिक तरीके से नकल प्रकरण सामने आने के बाद इस बार व्यापम ने कड़े नियम बनाए थे, जिसका पालन अभ्यर्थियों को करना पड़ा। शहर के तीन परीक्षा केन्द्र पीजी कॉलेज धरमपुरा, शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय एवं शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित परीक्षा में पंजीकृत 1099 अभ्यर्थियों में से 759 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, वहीं 340 अनुपस्थित रहे। परीक्षा ठीक 10 बजे सुबह आरंभ हुई, इससे दो घंटे पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों को केन्द्र में बुलाया गया था। अभ्यर्थियों को नए नियम के तहत हाफ शर्ट ही पहनकर जाना पड़ा, वहीं कान में बाली, गले में माला एवं पैर में जूता पहनकर जाना भी मना था।

- शहर के 3 सेंटरों में हुई परीक्षा
- इसके पहले की परीक्षा में नकल पकड़े जाने से परीक्षा केंद्रों में सख्ती बरती गई

### परीक्षा केन्द्रों में लगे जैमर

परीक्षा के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर मायानन्द चन्द्रा ने बताया कि जिस तरह बिलासपुर के एक परीक्षा केन्द्र में फोन के जरिए कान के पास हिडन डिवाइस लगाकर महिला अभ्यर्थी की बहन द्वारा बाहर ऑटो में बैठकर डिवाइस से प्रश्नों का उत्तर देते पकड़ा गया था। उसे ध्यान में रखते हुए परीक्षा केन्द्रों में इस बार जैमर लगाया गया, ताकि 500 मीटर के दायरे में फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस काम न कर सकें। पहली बार किसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए इंतजाम किया गया था।

## नक्सलियों के लगाए प्रेशर आईईडी की चपेट में आया नाबालिग, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के भोपालपटनम थाना क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा प्लांट किए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से 16 वर्ष का नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार शाम को थाना क्षेत्र के कोण्डापडगू जंगल का है। नक्सलियों के कायराना हरकत के चलते एक बार फिर एक मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया है। शनिवार की देर शाम नाबालिग जंगल में मवेशियों को चराने के बाद वापस लौट रहा था। इसी दौरान वह माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आ गया। घटनास्थल पर जोरदार विस्फोट होने से उसके पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई है। विस्फोट में गंभीर 16 वर्षीय कृष्णा गोटा निवासी कोण्डापडगु को भोपालपटनम अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार ▶▶| शेष पेज 8 पर

- बीजापुर जिले के भोपालपटनम थाना क्षेत्र का मामला
- प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर

### सतर्क रहे, संदिग्ध लोगों की सूचना दें

ग्रामीणों ने पुलिस को घटना के संबंध में सूचना दी है। वहीं फिलहाल पीड़ति नाबालिग का डॉक्टर की निगरानी में उपचार जारी है। घटना के बाद पुलिस व प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को जंगल क्षेत्रों में सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है।

## शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में चोर सक्रिय लाखों के जेवरात और सामान पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर चोर सक्रिय हो गए है। पिछले दो दिन के अंतराल में हुई चोरी की दो अलग घटना में चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात व सामान पार कर दिया है।

चोरी की पहली वारदात को त वा ली थाना क्षेत्र स्थित पावर हाउस रोड की है। दुकान संचालक नीलकंठ नाहक ने बताया कि बीती रात वह अपनी डेलीनीड्स की दुकान बंद कर ताला लगाकर अपने घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह परिचित ने बताया कि दुकान में ताला नहीं लगा है। सूचना पर तत्काल दुकान पहुंचकर देखने पर ताला नहीं लगा हुआ मिला। अज्ञात आरोपी ने दुकान में रखा 32 हजार रूपए से अधिक का सामान व 15 सौ रुपए नकद पार कर दिया था। प्रार्थी द्वारा इसकी रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

चोरी की दूसरी वारदात परपा थाना क्षेत्र के ग्राम बिलोरी बैदारगुड़ा पारा की है। ग्राम बिलोरी के बैदारगुड़ा पारा निवासी जगतराम नाग का शहर के संजय बाजार में आलू प्याज का दुकान है। प्रतिदिन की तरह वह शुक्रवार सुबह अपने घर से निकलकर अपनी दुकान के लिए चला गया। वहीं पिता और बहन अपने खेत में धान रोपाई करने के लिए चले गए थे। दोपहर लगभग 12 बजे घर में ताला लगाकर जगतराम की मा भी उसकी बहन और पिता के लिए खाना लेकर खेत की तरफ चली गई। एक बजे खेत से घर पहुंचने पर दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ मिला। घर के अलमारी का दरवाजा भी टूटा और खुला हुआ मिला।

- कोतवाली व परपा थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक
- दोनों मामला दर्ज कर पुलिस कर रही पड़ताल

### आलमारी से 5 लाख के जेवर व नकद ले गए चोर

आलमारी में रखा लगभग 5 लाख रुपए और सोने चांदी आभूषण, जिसकी कीमत 75 हजार रुपए अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। मामले कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद परपा पुलिस अज्ञात चोर की पतासाजी में जुट गई है।



## सड़क व नाली निर्माण की शिकायत लेकर विधायक निवास पहुंचे लोग

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधायक कार्यालय नयापारा में रविवार को जनमानस से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही त्वरित निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। लोगों ने पेयजल, सडक, विद्युत जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। किरण देव ने कहा जनता को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है जिसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। हमारी सरकार में क्षेत्र का चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं।

- सुबह से ही मुलाकात करने लगा रहा तांता

## 2.50 लाख के गांजा के साथ एक गिरफ्तार चारपहिया वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मलकानगिरी ओडिशा से गांजा लेकर लोहंडीगुड़ा मार्ग से होते हुए रायपुर की ओर जा रहे तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व ए ए स पी माहेश्वर नाग ए वं ए स डी ओ पी लो हं डी गु ड़ा ईश्वर त्रिवेदी के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी लो हं डी गु ड़ा रवि कुमार बैगा के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा आरोपी तिकीरपाल, बेकोपारा थाना पुसपाल जिला सुकमा के कब्जे से 51 किलो 520 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 2 लाख 57 हजार 6 सौ रुपए आंका गया है।मामले में आरोपी राजेश उर्फ राजेश्वर यादव 24 वर्ष निवासी तिकीरपाल, बेकोपारा थाना पुसपाल को गिरफ़्तार किया गया। दरअसल लोहंडीगुड़ा पुलिस को सूचना मिली थी कि एक नीला रंग के कार क्रमांक सीजी 05 एफ 0703 मे दो प्लास्टिक बोरी में गांजा लेकर मलकानगिरी उड़ीसा तरफ से लोहंडीगुड़ा होते हुए रायपुर के तरफ जाने वाला है। टीम द्वारा ग्राम तारागांव नरो दुकान के सामने मेन रोड किनारे पहुंचकर मुखबिर के बताये हुलिया के व्यक्ति से पूछताछ किया गया। उक्त कार में रखे दो प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर 6 नग पैकेटों में बरामद मादक पदार्थ गांजा को मौके पर बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

- पुलिस को चकमा देने लोहंडीगुड़ा मार्ग से कर रहा था गांजा परिवहन
- मलकानगिरी ओडिशा से गांजा लेकर रायपुर की ओर जा रहा था

### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक रवि कुमार बैगा के अलावा एएसआई वीएस सोलंकी, प्रधान आरक्षक तुलाराम कश्यप, आरक्षक ओंकार राज, डबल सिंह ठाकुर व सुलधर बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनीवासी परेशान, नहीं मिल रही निजात

# गंदा पानी सड़क पर, राहगीरों के लिए बन रहा मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्रपति शिवाजी वार्ड के न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी के एमआईजी क्षेत्र के रहवासी शौचालय के गंदगी से जूझ रहे है। शौचालय के चेम्बर से लीक हो रहे गन्दा पानी सड़क के ऊपर बहने से रहवासियों को आने-जाने में कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा है।

दो साल पूर्व महापौर सफिरा साहू शिकायत के बाद तत्कालीन आयुक्त दिनेश नाग और स्वच्छता टीम के साथ स्थल का निरीक्षण कर समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज पर्यन्त निगम का अमला समस्या का निराकरण नही किया है। हाउसिंग बोर्ड के ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। चार वर्ष पहले हाउसिंग बोर्ड ने कालोनी का आधिपत्य नगर निगम को सौंपा था। निगम को सौपने के पहले कालोनी में बने तकनीकी समस्या को दूर करने आवश्यक नहीं समझा। इसलिए निगम भी हाउसिंग बोर्ड से हैंडओवर लेने में जान बूझकर देरी की। अब 4 वर्ष पहले निगम कालोनी हैंडओवर होने के बाद भी टायलेट का गंदा पानी की समस्या दूर होने का नाम नही ले रहा है।



### निरीक्षण किया जाएगा

न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी में इस समस्या को लेकर आज तक मुझे किसी ने भी शिकायत नही की। अब जानकारी के बाद स्थल का निरीक्षण किया जाएगा। क्या सुधार होगा इस दिशा में प्रयास किया जाएगा।

**संजय पांडे**, महापौर

## खबर संक्षेप

### बरहेली के निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में चश्मा बांटे

**दुर्गूकोंदल।** विकास खंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहेली में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया था। निःशुल्क दवाई आई ड्रॉप एवं चश्मा प्रदान किया गया। लोगों को हमेशा बेहतर सुविधा देने के लिए ग्राम पंचायत बरहेली के सरपंच प्रिया दुष्यंत वाडिवा द्वारा हमेशा से प्रयास रहता है कि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधा मिले इस लिए हमेशा सभी विभागीय अधिकारियों से संपर्क बनाए रखते है। जांच कराने पहुंचे गांव से जीवन लाल उईके, संजू कोमरा, प्रेमीलता किंडो, गुलाब कुपाल, ग्राम पटेल मुरहा दरों, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। रायपुर के डॉ. विकास मिश्रा के द्वारा शिविर में पहुँचे लोगों की जाँच किया।

### सर्पदंश से बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** गोण्डाहुर थानांतर्गत पीव्ही 48 राधानगर निवासी 70 वर्षीय सुधीर सम्दूदार को साप ने काट लिया, जिससे उसकी 19 जुलाई को सुबह लगभग 6 बजें मौत हो गया। पीव्ही 48 निवासी 50 वर्षीय सुरोज ने पुलिस को बताया कि मृतक खेत की ओर गया था। बैल को बांध रहा था तभी साप ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पौधारोपण एवं किचन गार्डन की हुई शुरुआत

**भानुप्रतापपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ईएमआरएस में वृक्षारोपण एवं किचन गार्डन की स्थापना की गई। छात्रों को किचन गार्डन की अवधारणा, इसके लाभ और पौधों की देखभाल से जुड़ी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से भाग लेते हुए पौधे लगाए और अपने विद्यालय परिसर को हरियाली से सजाने में योगदान दिया। ईएमआरएस की ओर से इस अवसर पर अनीशा, सोभित एवं अन्य शिक्षकगण और छात्र उपस्थित रहे।

### प्राशा और माशा में हुई संकुल स्तरीय बैठक

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम कोंडे के प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला के द्वारा संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की जानकारी, पुस्तक स्कैनिंग और डिस्ट्रीब्यूशन की जानकारी, इको क्लब की एंट्री की जानकारी, जाति प्रमाण पत्र लक्ष्य के संबंध में जानकारी, शिक्षक डेली डायरी के संबंध में चर्चा, स्कूल स्तर पर समय सारणी, अपार आईडी के संबंध में जानकारी, किचन गार्डन संबंधित जानकारी, शाला को आकर्षक कैसे बनाएं एवं संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव मनाने के लिए चर्चा किया गया। बैठक में प्राचार्य बाबूलाल कोमरा, योगेश कुमार मरकाम, संकुल के समस्त प्राशा और माशा संस्था के संस्था प्रभारी उपस्थित रहे।

### कुएं में युवक का शव मिला अमोड़ी में सनसनी फैली

कांकेर। दुर्गूकोंदल थानांतर्गत अमोड़ी निवासी 30 वर्षीय दिनेश कुमार पोटाई का शव कुआं के अंदर में मिला, जिससे गांव सनसनी फैल गया। अमोड़ी निवासी 40 वर्षीय रमेश कुमार कल्लो ने पुलिस को बताया कि 19 जुलाई को सुबह कुआं के अंदर दिनेश पोटाई का शव तैर रहा था। मृतक कुआं के अंदर कैसे पहुंचा यह अभी पता नही चल पाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### ग्राम पंचायतों में विकास कार्य का सीईओ ने किया निरीक्षण

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत जनपद पंचायत के सीईओ सुरेंद्र बंजारे द्वारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विकास कार्य, निर्माण कार्य, भवन निर्माण, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी भवन, सामाजिक भवन, पुल पुलिया देवगुडी व गोटुल, आंगनवाड़ी सामुदायिक भवन, नाली निर्माण के कार्यों और अधूरे निर्माण कार्य को प्रारंभ कराने निरीक्षण शुरू कर दिया है। निरीक्षण कर सीईओ ने अधूरे कार्यों को सरपंच व सचिवों को गति लाने निर्देश दिया हैं। इसके अलावा कार्यों पर गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जा रहा है। निरीक्षण में आरईएस, एसडीओ एवं सहायक अभियंता लगातार निर्माण कार्यों का मॉनिटरिंग कर रहे है।

---

**डीएफए ट्राफी : आड़ावाल के दो गोल के मुकाबले तीन गोल कर जीती फुटबाल एकेडमी**

# आड़ावाल को हराकर फुटबाल एकेडमी ने ट्राफी पर किया कब्जा



### विधायक ने किक लगाकर किया मैच का शुभारंभ

*फायनल मुकाबले के मुख्य अतिथि विधायक जगदलपुर व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्रेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, विशिष्ट अतिथि महापौर संजय पाण्डे, पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ संतोष मिश्रा व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। विधायक किरण देव ने किक लगाकर मैच का शुभारंभ किया। वहीं अतिथियों द्वारा विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया।*



## विधायक किरण देव ने विजयी टीमों को किया पुरस्कृत, इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में खेला गया फाइनल









हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला फुटबाल संघ के तत्वावधान में स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में आयोजित स्व. सिद्धार्थ मिश्रा स्मृति डीएफए ट्राफी कम नॉक ऑउट फुटबाल स्पर्धा का फायनल मुकाबला रविवार को फुटबाल एकेडमी विरूध आड़ावाल फुटबाल क्लब के मध्य खेला गया। आड़ावाल के दो गोल के मुकाबले तीन गोल दागकर फुटबाल एकेडमी ट्राफी पर कब्जा करने में कामयाब रही।

फुटबाल एकेडमी की ओर से रोहित जगत ने दो गोल तथा रोहित भारती ने एक गोल अपनी टीम के लिए किया। इसके मुकाबले आड़ावाल फुटबाल क्लब की ओर से जयराम व सुनील ने दो गोल किए। निर्धारित समय तक स्कोर 3-2 रहा। फायनल मुकाबले में मुख्य निर्णायक विश्वजीत भट्टाचार्य के अलावा विक्की पोडाल, दीपक डहरिया व राहुल लाल रहे। इस मुकाबले में आड़ावाल की ओर से दो गोल करने वाले दोनों खिलाड़ियों को मुख्य निर्णायक की ओर से यलो कार्ड दिखाया गया।

---

# संविदा शिक्षकों व कर्मचारियों ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



प्रदेश के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने 20 जुलाई को छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के बैनर तले एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। कांकेर जिला मुख्यालय में मेलाभाटा में आयोजित धरना प्रदर्शन में जिले के विभिन्न स्वामी आत्मानंद स्कूलों से आए संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। धरना के माध्यम से संघ ने दो सूत्रीय प्रमुख मांगों को दोहराया। पहली मांग नियमित वेतन वृद्धि एवं वेतनमान निर्धारण किया जाए। शिक्षकों ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से पूर्णकालिक सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो वेतनमान मिला है और न ही कोई वार्षिक वेतनवृद्धि सुनिश्चित की गई है। दूसरी मांग शिक्षा विभाग में समावेशन (संविलियन) एवं नियमितीकरण किया जाए, जिसे पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था। संघ ने मांग किया है कि सभी संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शिक्षा विभाग में समाहित कर नियमित किया जाए, जिससे उन्हें सेवा सुरक्षा मिल सके और वे बिना भय के प्रदेश की शिक्षा गुणवत्ता में योगदान दे सकें।

संघ ने यह भी घोषणा किया कि यदि समय रहते इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 1 अगस्त से राजधानी रायपुर में प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से शिक्षक-कर्मचारी शामिल होंगे। यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और न्यायसंगत होगा। संघ ने कहा कि शिक्षकों की न्यायसंगत मांगों पर संवेदनशील होकर विचार किया जाए और शीघ्र समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं अन्यथा भविष्य में हम अपने हक और अधिकारों के लिए जमीनी लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### छापामार कार्रवाई में शराब परोसते ढाबा कर्मचारी पकड़ा गया, पियक्कड़ फरार

**कांकेर।** जिला मुख्यालय के दोनो छोर पर स्थित ढाबा में अवैध ढंग से शराब पिलाने का खेल जोरशोर से चल रहा है। ढाबा संचालक अब खुले आम शराब पिला रहे है, ऐसा लग रहा है कि उनको किसी तरह का भय नहीं है। माकड़ी ईलके में न्यू कांकेर ढाबा में शराब बेचने की जानकारी मिलने पर कांकेर पुलिस ने छापामार कार्यवाई करते हुए आरोपी कोकड़ी निवासी विमल उईके को पकड़ा और उसके पास से शराब जप्त किया गया। कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि माकड़ी ईलाके में न्यू कांकेर ढाबा है, वहाँ पर हॉटल मालिक के द्वारा अपने हॉटल में ग्राहकों को अंग्रेजी शराव परोस रहा है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत छापामार कार्यवाही किया। न्यू कांकेर ढाबा में उपस्थित कर्मचारी कोकड़ी निवासी 30 वर्षीय विमल उईके पिता हमन उईके को दबोचा और उसके पास से 18 नग गोवा पौवा, 1 बीयर बाटल मिला। न्यू कांकेर ढाबा में शराब पीने वाले पुलिस को आता देखकर इधर उधर भाग गए। ढाबा में मिली शराब की कुल मात्रा 3 लीटर और कीमत करीबन 2 हजार 350 रूपएं को जप्त किया गया।

# निगम अध्यक्ष ने लिया बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





- वार्डवासियों को जल निकासी का कार्य प्राथमिकता से करने किया आश्वस्त

वर्षा के कारण शहर के सुन्दरलाल शर्मा वार्ड, दलपत सागर वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, शहीद पार्क एवं महात्मा गांधी वार्ड के कुछ इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

इसकी जानकारी मिलते ही महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन के नेतृत्व में एमआईसी सदस्यों की टीम मौके पर पहुंची और संबंधित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने वालों में स्वच्छता विभाग के सभापति लक्ष्मण झा, निर्मल पानीग्राही, योगेंद्र पांडे शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को तत्काल जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। देवांगन ने प्रभावित लोगों से मिलकर स्थिति की जानकारी ली। आश्वासन दिया कि वर्षा जल की निकासी का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। इसके साथ ही बरसात से पूर्व नालियों की सफाई के कारण पानी कुछ ही समय में उतर जा रहा है , स्थायी समाधान हेतु ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। नगर निगम परिवार जनता की सुविधा और सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

---

**अंदरूनी इलाकों के अस्पताल की व्यवस्था देख जताई खुशी**

# अतिसंवेदनशील इलाकों की स्वास्थ्य सेवा व व्यवस्था का सीएमएचओ ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- ग्राम पानीडोबीर में भ्रमण के दौरान हितग्राहियों से स्वास्थ्य सेवाओं का आंकलन किया

नवनियुक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. आरसी ठाकुर अतिसंवेदनशील ईलाके कोयलीबेड़ा और पानीडोबीर में स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया। अस्पताल में भर्ती मरीज से संवाद करते हुए बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य टीम को निर्देशित किया।

सीएमएचओ ने कोयलीबेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया जिसमें विशेष रूप से अस्पताल की नियमित साफ सफाई, सभी चिकित्सकों एवं स्टाफ को नियमित समय पर ओपीडी का संचालन, मौसमी बीमारी के प्रबंधन त्वरित गतिविधि एवं आधार बेस्ड अटेंडेंस का को शत प्रतिशत करने के लिए संस्था प्रभारी को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से मिलकर उनके उपचार की संबंधी जानकारी ली एवं अस्पताल के संस्था प्रभारी एवं अन्य स्टाफ से मिलकर मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो एवं उन्हें त्वरित उपचार मिले इस संबंध में चर्चा किया। पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों के पोषण संबंधी गतिविधि एवं फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर को महिला बाल विकास विभाग से समन्वय कर कुपोषित चिन्हांकित बच्चों को संस्था में लाने के लिए निर्देंशित किया। नियद नेल्लानार के लिए चिन्हांकित ग्राम पानीडोबीर में भ्रमण के दौरान हितग्राहियों से स्वास्थ्य सेवाओं का आंकलन किया और हेटारकसा के मितानिन से मिलकर मितानिन दवा पेटी, जीवनरक्षक एवं आवश्यक दवाइयों का संग्रहण की उपलब्धता की जानकारी लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. सुनील सोनी, जिला सलाहकार डॉ. योगेश प्रजापति भी उपस्थित रहे।



### सीएमएचओ ने सुनी समस्याएं निराकरण का दिया आश्वासन




नवनियुक्त सीएमएचओ डॉं. आरसी ठाकुर ने अंदरूनी ईलाके के अस्पताल के स्टाप की समस्याओं को सुना और उनके निरकारण का आश्वासन भी दिया। उन्होने स्टाप से कहा कि अंदरूनी ईलाके में आप लोग अच्छी सेवाएं दे रहे है, इसे इसी तरह से बनाए रखना है, जिससे अंदरूनी ईलाके के अंतिम गांव के हर व्यक्ति की स्वास्थ्य की सुविधा मिल सके।

---

## पेज 7 का शेष

### नक्सलियों के लगाए...

के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर रेफर किया गया जहां उसका उपचार जारी है।

**सप्ताहभर पूर्व भी आईईडी की चपेट में आए थे 3 ग्रामीण-** बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र स्थित धनगोल जंगल में सप्ताहभर पूर्व भी वनोपज सग्रंह करने गए तीन ग्रामीण नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आ गए थे। इस विस्फोट में गंभीर रूप से घायल नाबालिग लड़की समेत तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती कराया गया था। वनोपज संग्रह के दौरान नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए प्रेशर आईईडी में पैर पड़ने से जोरदार धमाका हुआ जिसकी जद में आने से ग्राम धनगोल निवासी कोरसे संतोष 24 वर्ष पिता लक्ष्मैया, चिंडेम कन्हैया 26 वर्ष, पिता किस्टैया तथा नाबालिग कुडेम कविता 17 वर्ष पिता नगैया गंभीर रूप से घायल हो गए थे।


**प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से कईयों की जा चुकी जान-** नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के चलते अब तक दर्जनों ग्रामीणों की जान जा चुकी है। दो माह पूर्व भी बीजापुर जिले में आईईडी की जद में आने से ग्रामीण और कई मवेशियों की मौत की घटना हो चुकी है। माओवादियों द्वारा सुरक्षाबलों के जवानों को नुकसान पहुंचाने बीजापुर व भोपालपटनम इलाके में सैकड़ों की संख्या में आइइडी प्लांट किया गया है। सुरक्षाबलों द्वारा ऑपरेशन के दौरान सैकड़ों आईईडी बरामद किया जा चुका है। बावजूद इसकी चपेट में आने से कई जवानों के अलावा ग्रामीण व मवेशियों की भी जान जा चुकी है। वर्तमान में भी नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए जिंदा बम जगह जगह मौजूद है।

### आमागुड़ा चौक में...

सरकार के दबाव में कांग्रेस पार्टी के नेताओं व कार्यकतार्ओं पर की जा रही द्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 22 जुलाई को 11 बजे आमागुड़ा चौक पर नाकेबंदी चक्काजाम किया जाएगा।

खबर संक्षेप

## जिला टीबी अधिकारी कार्यालय शुरू



**जगदलपुर।** शासकीय जिला महारानी अस्पताल परिसर में शनिवार को जिला टीबी अधिकारी कार्यालय पूजा अर्चना शुरू किया। इस भवन में टीबी से संबंधित सामग्रियों के स्टोर का संचालन भी किया जाएगा। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री, डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन आदि शामिल रहे।

## अध्यक्ष गिरिश और सचिव बसंत बने



**जगदलपुर।** छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला बस्तर कार्यकारिणी का गठन बैठक में किया गया। जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष गिरीश कश्यप, उपाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव, बलिहार कश्यप, सचिव बसंत जोशी, सह सचिव मिथुन मंडल, कोषाध्यक्ष सुनील सेठिया, मीडिया प्रभारी मनोज जालंधर, जिला प्रबंध कार्यकारिणी नितिन गजेन्द्र, नितेश मिश्रा, दिनबन्धु कश्यप, बसंत टोप्पो, प्रवीण पाण्डेय आर पी सेठिया, सोमेश पात्र। इसके अलावा बस्तर जिला अंतर्गत सातों विकासखंड के ब्लॉक अध्यक्ष भी सर्व सहमति से चुना गया। जिसमें बकावंड नोहरूनाग, जगदलपुर जोहन नायक, लोहड़ीगुड़ा कमलेश पंत, दरभा गोपाल कृष्ण आचार्य, बास्तानार प्रवीण पानीग्राही, बस्तर संतोष मौर्य तोकापाल दयालु कश्यप। बैठक में संघ की राज्य एवं जिला स्तर पर आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा किया गया। साथ ही संघ को और मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। बैठक मे निशांत मिश्रा (प्रान्तीय उपाध्यक्ष), दानियल जाल( बस्तर संभाग अध्यक्ष), विक्रम भदौरिया, चन्द्रपाल सिंग (प्रांतीय पदाधिकारी), मनीष श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संभागीय सचिव एवं सभी विकासखंड से आए हुए कृषि विकास अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थी समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प को अपनाएं

## डीएवी स्कूल में हुआ अलंकरण समारोह, जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उलनार में प्राचार्य मनोज शंकर के मार्गदर्शन में पूरे जोश और उत्साह के साथ शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उलनार के प्राचार्य एवं सदस्य उपस्थित थे। समारोह की शुरूवात प्रार्थना से हुई। जिसके बाद स्कूल गान गाया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्पण किया गया। खेल प्रशिक्षिका विजय लक्ष्मी साहू के नेतृत्व में बोर्ड के सदस्य बनने के लिए चुने गए छात्रों ने मार्चपास्ट में शानदार कदमों के साथ अपना स्थान ग्रहण किया। अतिथियों द्वारा विद्यालय के हेड बॉय अविनाश पंत को सैश प्रदान किया गया। हेड गर्ल गोपिका पाणिग्रही, खेल कप्तान छात्र रविप्रकाश बघेल, छात्रा आशा कश्यप, अनुशासन छात्र परमेश्वर, छात्रा तमन्ना बघेल, चारो हाउस के हाउस कप्तान में हंसराज हाउस कप्तान रितेश पुजारी, लवीना ठाकुर, विरजानंद, ललित प्रसाद बाघरे, कृतिका



जोशी, श्रद्धानंद हाउस कप्तान प्रसंग विमल बघेल, छात्रा नैन्सी शोरी, दयानंद हाउस कप्तान हार्दिक पंत, छात्रा तनूजा बघेल को सैश और ध्वज प्रदान किए गए। नगरनार में आयोजित डीएवी कलस्टर स्तर खेल प्रतियोगिता सत्र 2025-26 उलनार के विजेता बालिका कबड्डी टीम को भी स्वर्ण पदक प्रदान किया गया एवं बधाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहायक खंड शिक्षा अधिकारी देशनाथ पांडे ने प्रेरणादायक विचार रखे। प्राचार्य मनोज शंकर ने भी छात्र परिषद के सदस्यों को आदर्श बनने और अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाने की समझाईश दी। उन्होंने विद्यार्थियों को समय की पाबंदी, समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प जैसे मूल्यों को अपनाने की सलाह दी। क्योंकि वे ही कल के पथ प्रदर्शक हैं। स्कूल के हेड छात्र अविनाश पंत और हेड छात्रा गोपिका पाणिग्रही ने अपने शिक्षकों को उन्हे बेहतर रूप से तैयार करने के लिए धन्यवाद दिया और अपनी योग्यता के अनुसार अपने कर्तव्यों को पूरा करने का वादा किया। शिक्षिका मोनिका साहू ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों और पूरे विद्यालय परिवार का योगदान रहा।

### प्रभारी सचिव ने ली योजनाओं की समीक्षा बैठक

# विकास कार्यों में गति और प्रभावशीलता बढ़ाने पर दिया जोर : डॉ. प्रियंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले में शासन की प्रमुख योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु आज संयुक्त जिला कार्यालय के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिले की प्रभारी सचिव डॉ. प्रियंका शुक्ला ने की। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रमुख योजनाओं, उनके लक्ष्यों, प्राप्तियों और जमीनी कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक की शुरुआत में डॉ. शुक्ला ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों, स्वीकृत आवासों, निर्माण प्रगति और पूर्णता की स्थिति का अवलोकन किया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली और कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वॉयल हेल्थ कार्ड, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा मुख्यमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड योजना जैसी फ्लैगशिप योजनाओं की भी बारीकी से समीक्षा की।

डॉ. शुक्ला ने "नियद नेल्लानार" योजना के अंतर्गत मार्च 2024 तक स्थापित 22 नये कैंपो और इनसे जुड़े 86 लक्षित ग्रामों की स्थिति की जानकारी ली और निर्देशित किया कि इन क्षेत्रों में योजनाओं का सतत और समग्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जैविक खेती मिशन को लेकर भी विभागीय अधिकारियों से चर्चा की और किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता जताई।

प्रभारी सचिव ने महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, अटल पेंशन योजना और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड पंजीयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आयुष्मान योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का 'वय वंदना' योजना में पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए और इसके लिए फील्ड स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक महिलाओं के बैंक खाते खोलने के निर्देश दिए ताकि योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों को प्राप्त हो सके।

बैठक के समापन पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि प्रभारी सचिव द्वारा दिए गए समस्त निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा और सभी विभाग अपने-अपने कार्यों में पूर्ण गंभीरता से जुटेंगे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा

बैठक में जल जीवन मिशन के तहत सोलर ड्यूल पंप स्थापना कार्य, सौर सुजला योजना फेस-9 के तहत सिंचाई पंपों की स्थापना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीएम सूर्यघर योजना, धरती आबा योजना, स्वामित्व योजना और मोबाइल टावरों की स्थापना जैसे कार्यों की भी समीक्षा की गई। डॉ. शुक्ला ने विशेष रूप से ग्रामीण परिवहन सेवाओं को लेकर तैयार किए जा रहे प्रस्तावों की जानकारी ली और कहा कि दूरस्थ गांवों तक बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाए।

### मलेरिया नियंत्रण के लिए फील्ड में जाएं

उन्होंने मलेरिया नियंत्रण के लिए फील्ड में जाकर जागरूकता और चिकित्सा कार्यों को और अधिक सघन करने के निर्देश दिए। डॉ. शुक्ला ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पूरी मेहनत, पारदर्शिता और आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने दोहराया कि शासन की मंशा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, और इसके लिए जमीन पर ठोस कार्यवाही जरूरी है।

# छात्रों को सिखाया गया आत्मरक्षा के गुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा

पीएम श्री सेजेस लोहंडीगुड़ा में विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नो प्लास्टिक डे के आयोजन से हुई। जिसमें छात्रों ने कविता, नाटक और

■ सेजेस में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

चार्ट्स के माध्यम से प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और इसके उपयोग से बचने के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

इसके बाद विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। जिसमें छात्रों ने भाषण और चार्ट के माध्यम से बढ़ती जनसंख्या और उसके संसाधनों पर प्रभाव के बारे में जानकारी दी।

खूबचंद जयंती के अवसर पर छात्रों ने भाषणों के माध्यम से पंडित खूबचंद बघेल के जीवन और छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में उनके योगदान को साझा किया। छात्रों को बाढ़ से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। विशेष रूप से महिला स्टाफ द्वारा बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के विषय में उदाहरणों और डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से सरल व प्रभावशाली तरीके से समझाया गया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में छात्रों को बेसिक जुडो कराटे का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें उन्हें आत्मरक्षा के कुछ बुनियादी गुर सिखाए गए।

इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक, पर्यावरणीय और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूकता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना था।

## चोरी के आरोपी को भेजा गया जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

डाकघर में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्राथी डोमन साहू ने 1 जून 2024 को थना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि, एनएमडीसी बचेली शॉपिंग काम्प्लेक्स के पास 31 मई 2024 को शाम 7 बजे अज्ञात चोर द्वारा पोस्ट ऑफिस के छत के ऊपर के दरवाजे से अंदर घुसकर ऑफिस के अंदर लॉकर में रखे नगदी रकम 14326 रुपए और एक सैमसंग कम्पनी का शासकीय मोबाइल 5000 रुपए को चोरी पर अपराध पंजीबद्ध कर बचेली पुलिस द्वारा विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों को देने पश्चात पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय के दिशा-निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन दंतेवाड़ा एवं पुलिस अनुविभागिय अधिकारी कपिल चंद्रा, किरंदुल के मार्गदर्शन में आरोपी की पतासाजी कर तत्काल गिरफ्तार करने दिशा निर्देश प्राप्त होने पर चोरी गये मोबाइल का सायबर सेल दंतेवाड़ा से जानकारी प्राप्त किया जो आरोपी सहदेव नायक का एयरटेल कम्पनी का सीम चलाना पाया गया। जिसे पड़कर डाकघर चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर डाकघर चोरी करना स्वीकार किया गया, आरोपी से 1 आरी ब्लेड व एक मोबाइल एवं सीम जप्त किया गया। आरोपी को 18 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया। कार्यवाही में निरिक्षक मधुनाथ ध्रुव थाना प्रभारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक रुपेश नारंग, नंदू ठाकुर, अजित पैकरा की सराहनीय भूमिका रही।

# संत के शिष्यों ने पुस्तकें देकर सतमार्ग पर चलने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आड़ावाल में रविवार को संत रामपाल महाराज के शिष्यों ने घर घर जाकर आधात्मिक पुस्तकों का प्रचार किया।

■ नेक मानव समाज का निर्माण जरूरी : संत रामपाल

बताया गया कि अपनी मानसिक टेंशन दूर करने के लिए लोग बीड़ी, तंबाखू, सिगरेट, शराब, अफीम, गांजा, भांग आदि के नशे में धुत है। इसी के साथ कन्या भ्रूण हत्या, दहेज कुप्रथा, लिंग भेदभाव, बलात्कार, आदि बुराइयां समाज में घर कर चुकी है। ऐसे में जगतगुरु संत



रामपाल महाराज का उद्देश्य है कि इन सभी बुराइयों को जड़मूल से समाप्त करके एक नेक मानव समाज का निर्माण करें। एक ऐसा समाज जिसमें किसी भी प्रकार की बुराईयां न हों। ऐसे समाज का निर्माण तभी होगा जब लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान होगा और सच्चा आध्यात्मिक ज्ञान केवल पूर्ण संत ही बता सकता है। इसी उद्देश्य के साथ लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए संत रामपाल महाराज द्वारा लिखित पुस्तक ज्ञान गंगा और जीने की राह जैसी आध्यात्मिक पुस्तकें घर-घर पहुंचाई जा रही हैं। इस अवसर पर रामचन्द्र दास, आगस्ती दास, सहदेव दास एवम अन्य उपस्थित थे।

## तकनीकी और सुरक्षा कारणों से लोग हो रहे परेशान : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बस्तर के बेरोजगारों की आवाज को अनसुना कर एनएमडीसी नगरनार अपने दायित्व से हट रहा है। नगरनार स्टील प्लांट के कमर्शियल गेट की तकनीकी खामी एवं अन्य गेट की कमी, सीआईएसएफ की जटिल पास प्रक्रिया एवं अमानवीय व्यवहार से बस्तर के ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की परेशानियां बढ़ रही है।

उन्होंने कहा बस्तर सहित अन्य राज्यों मे प्लांट से व्यावसायिक रूप से जुड़ने वाले व्यापारी एवं ट्रांसपोर्ट जगत, प्लांट के कमर्शियल गेट की जटिलता के चलते बस्तर के एक मात्र प्लांट का नाम धुमिल हो रहा है। यह विचारणीय और गंभीर बात है। 30 मिलियन टन उत्पादन



की क्षमता वाले प्लांट में एक ही कमर्शियल गेट परेशानी का सबब बना है।

प्लांट का उद्देश्य व्यावसायिक दृष्टिकोण से रेलवे एवं सड़क परिवहन हेतु ज्यादा से ज्यादा मौके प्रदाय कर स्थानीय स्तर पर व्यवसाय से लोगों को जोड़ना था। 9000 टन कोइल, 5000टन से अधिक महीने मे पिग आयरन उत्पादन कर ट्रांसपोर्ट करने का लक्ष्य संभव नहीं हो पा रहा है। वहीं प्लांट के गेट को ऑपरेट करने का प्लान अन्य स्टील प्लांट से ज्यादा जटिल बना दिए गए हैं। जो स्थानीय स्तर पर ट्रांसपोर्ट व्यवसाय करने वाले व्यापारियों एवं प्लांट से उत्पादन माल खरीदने वाले व्यापारियों के लिए दिक्कत हो रहा है। नवनीत चांद ने समस्या का समाधान जल्द नही होने पर आगामी दिनों में स्टील प्लांट नगरनार के गेट के सामने प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

## प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ ने की संयुक्त संचालक से मुलाकात

**बस्तर।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ ज़िला बस्तर द्वारा राकेश पांडे संयुक्त संचालक बस्तर संभाग से सौजन्य भेंट किया। उन्होंने गर्मजोशी से सभी प्रांत, ज़िला, संभाग के पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया और सादगीपूर्ण वातावरण में चर्चा परिचर्चा हुई। चर्चा के दौरान शिक्षक वरिष्ठता सूची में व्याप्त विसंगति की ओर ध्यान आकृष्ट कराए जाने पर उन्होंने विसंगतियों को दूर करने का आश्वासन दिया और कहा कि बहुत जल्द प्रधान पाठक पदोन्नत सूची जारी कि जाएगी। उन्होंने कहा शैक्षणिक गतिविधियों में सभी की सक्रिय भागीदारी से शिक्षा गुणवत्ता मे सुधार की दिशा मे प्रयास को गति लाने का प्रयास हम सबको मिलकर ईमानदारी से करना है। इस दौरान राजकिशोर तिवारी प्रदेश अध्यक्ष, चंद्रभूषण ठाकुर प्रदेश सह सचिव, मीरा ठाकुर प्रदेश कोषाध्यक्ष, अमलैस ठाकुर संभागीय अध्यक्ष, कृष्णा बघेल जिलाध्यक्ष बस्तर सहित नेत्री पाढ़ी महिला मोर्चा, माया वैद्य, संगीता गोस्वामी, पोयाम मेडम, प्रतिमा तिवारी, राकेश शर्मा, मसूराम मंडावी, तुलसी राम साहू, कुसनु बघेल, रामाराम मंडावी उपस्थित थे।

## शिक्षिका सुमन का सम्मान

**गीदम।** छत्तीसगढ़ राज्य के अलग अलग जिलों के 36 सक्रिय और नवाचारी शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधि आधारित नवाचारी क्रियाकलापों की पुस्तक उदीम - सीखने सिखाने का एक प्रयास का विमोचन व लेखक शिक्षकों का सम्मान वृंदावन हॉल रायपुर में किया गया। जिसमें दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक की शिक्षिका सुमन जार्ज माध्यमिक शाला पटेल पारा हारम का सम्मान किया गया। पुस्तक का संयोजन शिक्षक लोकेश कुमार वर्मा एवं संपादन शिक्षिका भारती वर्मा व सह संपादन व्याख्याता सईदा खान के द्वारा किया गया है। सुमन जार्ज के इस उपलब्धि पर गीदम विकास खंड के समस्त संकुल समन्वयक, बीआरसी, एबीओ एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने भी सम्मानित किया एवं बधाई प्रेषित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

परचनपाल कन्या परिसर में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय

■ बच्चों को तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं, किया एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण

जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सांसद महेश कश्यप ने दीप प्रज्वलन कर एवं महापुरुषों को पुष्प अर्पित कर की। इसके पश्चात उन्होंने बच्चों को तिलक कर शाला प्रवेश की शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों द्वारा प्रस्तुत



किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने भी अनुशासन और शौर्य का प्रदर्शन किया, जिसकी सराहना सभी उपस्थितजनों ने की। सांसद कश्यप ने अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए बच्चों को परिश्रम और अनुशासन का संदेश दिया। बच्चों ने भी आत्मीयता के साथ सांसद के समक्ष अपनी बातें रखीं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष उदबोराम नाग, दयाराम बघेल सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## महिला मोर्चा ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र अभियान को लेकर सक्रिय



हरिभूमि न्यूज : गीदम

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत के निर्देशानुसार भाजपा जिला महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती ममता गुप्ता के नेतृत्व व भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता की उपस्थिति में सिपाही रक्षा सूत्र भाजपा कार्यालय में एकत्रित किया गया। इस दौरान जिसमें श्रीमती ओजस्वी मंडावी, मुकेश शर्मा, सत्यजीत चौहान, कुलदीप ठाकुर, जय भंसाली, पायल गुप्ता, सुनीता भास्कर, मोहन सिंह ठाकुर, कमला बैरागी, लता मरकाम, कुंती झरना, सुश्री अंति वेक, गौतम भाटी, संध्या शुक्ला, नरगिस अंसारी, विमला रावत, रंजीता शर्मा, गायत्री ठाकुर, सुमित्रा ठाकुर, रूपा पाणिग्राही, शशि यादव समेत जिला मंडल पदाधिकारी व महिला मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# बढ़ती बिजली दरों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, किया बिजली कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल



राज्य में लगातार बढ़ रही बिजली दरों और अनियमित बिलिंग के विरोध में तोकापाल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शुक्रवार को तोकापाल स्थित बिजली कार्यालय का घेराव किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, किसान, महिलाएं और आमजन शामिल हुए। कांग्रेसियों ने सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में पूर्व विधायक बेंजाम ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता के साथ छलावा कर रही है। एक ओर तो महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ रखी है, वहीं दूसरी ओर बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि कर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिना मीटर रीडिंग के मनमाने बिल भेजे जा रहे हैं जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहदेव नाग ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने की बजाय पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने की नीति पर काम कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर खराब होने, लो वोल्टेज और बार-बार बिजली गुल होने जैसी समस्याएं आम हो गई हैं, लेकिन समाधान के बजाय विभागीय अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली दरों में कटौती नहीं की गई और बिल सुधार की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो कांग्रेस आगे और बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आम जनता की आवाज को सड़क से सदन तक बुलंद करती रहेगी।

इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहदेव नाग, कार्यकारी अध्यक्ष मोती कश्यप,पूर्व जनपद अध्यक्ष मालती मौर्य, जिला सचिव गणेश कावड़े, संतोष कश्यप, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सरपंच संघ, जनपद सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि व अन्य सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ ने किया खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन



**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग के बस्तर जिले के सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक द्वारा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया। शहर के प्रियदर्शनी स्टेडियम में चल रहे डीएफए कप नॉक आउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार को मैच के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बसाक एवं डॉ. मैत्री शामिल रहे।

### रोटा वायरस के कार्यशाला में पहुंचे सीएमएचओ



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल में शुक्रवार को आयोजित रोटा वायरस की कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री और जिले से आशु पोद्दार शामिल हुए। इस अवसर पर जिला की टीकाकरण की टीम द्वारा रोटा वायरस के वैक्सीन दिए जाने की विधि, उसका रखरखाव और उसके संबंधित टैली सीट में इंद्राज किए जाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आकांक्षी ब्लॉक होने की वजह से भारत सरकार द्वारा दिए गए सभी निश्चित लक्ष्य के अनुरूप प्रत्येक स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ सेक्टर के सभी सेक्टर प्रभारी, सेक्टर सुपरवाइजर, महिला, पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने लैम्पस करंजी में किया पौधरोपण



**जगदलपुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति करंजी में शनिवार को पौधरोपण किया गया। कलेक्टर हरिस एस द्वारा पौधरोपण कर अन्य लोगों को भी पौधरोपण करने सहित पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनने का संदेश दिया गया। इस दौरान लैम्पस समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों, क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारियों तथा किसानों एवं ग्रामीणों और अधिकारी-कर्मचारियों ने भी पौधरोपण में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस मौके पर उपायुक्त सहकारी संस्थाएं ऊषा ध्रुव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक केएस ध्रुव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसए रजा, विपणन अधिकारी एसके कनौजिया सहित कर्मचारी तथा क्षेत्र के कृषक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सड़कों पर जल जमाव होने से लोगों को हुई परेशानी

# सप्ताह भर से बेरुखी मानसून देर शाम को झमाझम बरसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लगातार सप्ताह दिनों तक बेरुकी मानसून शनिवार की देर शाम एकाएक सक्रिय होकर बरसने से अवर्षा से चिंतित किसानों में राहत लेकर आई। कुछ दिनों से प्रतिदिन बादल तो बनते थे,लेकिन बारिश नही होने से किसानों के माथे में चिंता की लकीर स्पष्ट परिलक्षित हुई थी। इधर शहरी क्षेत्र में बारिश नही से लोग उमस से बैचेन थे। बारिश के बाद लोगों को राहत मिली है।

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से दक्षिण-पश्चिम मानसून

■ मूसलाधार बारिश से निचली बस्तियों के घरों में घूसा पानी

सक्रिय होने के संकेत दो दिन पहले ही जारी किया था। इसका असर दो दिनों के बाद बारिश होने से सच साबित हुआ। देर शाम साढ़े 6 बजे से शुरू बारिश अनवरत जारी रही। लगातार हुई बारिश से शहर के विभिन्न सडको में जलजमाव की स्थिति निर्मित हुई। धरमपुरा मार्ग में सड़क के ऊपर बारिश का पानी समाने से आने-जाने वाले राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यही हाल शहीद पार्क तिराहा,गांधी मैदान से कोर्ट जाने वाले नयापारा मार्ग,कोर्ट तिराहा,बोधघाट क्षेत्र, पुराना नरेंद्र टाकीज रोड समेत अन्य मार्गो में जल जमाव होने से लोगो को समस्या का सामना करना पड़ा। वहीं अनवरत बारिश से निचली बस्तियों के घरों में घूसा पानी।

मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एचपी चबद्रा के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक द्रोणिका बिहार के मध्य भाग से उड़ीसा तक झारखंड होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

चंद्रा के अनुसार सिस्टम के चलते रविवार को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। साथ ही एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी के अनुसार 23 जुलाई से वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है।

# नगर निगम की कार्रवाई, छोड़ी गई गौ माताओं को कांजी हाउस भेजा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिका निगम द्वारा शहर की सड़कों पर आवारा छोड़ी गई गौ माताओं को पकड़कर कांजी हाउस में भेजने की कार्रवाई शनिवार से प्रारंभ कर दी गई है। इस अभियान के तहत अब तक 12 गौ माताओं को सुरक्षित रूप से कांजी हाउस ले जाया गया है। नगर पालिका निगम जगदलपुर के महापौर संजय पांडे के दिशा निर्देश पर आवारा मवेशियों को पड़कर कांजी हाउस भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा नगर निगम महापौर संजय पांडे के दिशा निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। महापौर ने गौ माता की सेवा और सुरक्षा के लिए कदम बढ़ाया है। कांजी हाउस शुरू करने में महापौर का विशेष योगदान रहा है। महापौर के निर्देश पर कांजी हाउस मे व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई है। पेयजल की व्यवस्था,भूसे की व्यवस्था व पैरा के व्यवस्था की गई है। कांजी हाउस का मुख्य उद्देश्य पशु और मानव दोनों की सुरक्षा है। सड़कों पर पशुओं को छोड़ा जाना न केवल यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करता है,बल्कि यह पशु क्रूरता की श्रेणी में आता है। यह देखा गया है कि कुछ पशुपालकों द्वारा जानबूझकर अपने पशुओं को खुले में छोड़ दिया जाता है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी होती है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। निगम के राजस्व सभापति राणा के कड़े तेवर दिखाते पशुपालकों को सख्त चेतावनी देते कहा लापरवाही बर्दाश्त नही किया जाएगा।

### लापरवाह पशुपालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

नगर निगम ने चेतावनी दी है कि ऐसे लापरवाह पशुपालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें जुमार्ना, पशु जब्ती तथा कानूनी कार्यवाही शामिल हो सकती है।नगर निगम ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने पशुओं को खुला न छोड़ें तथा पशु कल्याण की भावना से प्रेरित होकर नगर की स्वच्छता एवं सुरक्षा में सहयोग करे। गौ माताओ को पकड़ने में प्रभारी राकेश झलके,सुशील कर्मा, गोलू एवं नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बस्तर में बिहान से लखपति दीदी बनने की ओर अग्रसर महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत बस्तर जिले की महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही हैं। जगदलपुर, तोकापाल, लोहंडीगुड़ा और दरभा इन चार विकासखंडों में चिन्हांकित 16 इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर्स के

■ एकीकृत खेती और संबद्ध गतिविधियों से बढ़ रही आय

माध्यम से लगभग 4600 परिवारों को एकीकृत खेती और संबद्ध गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य समूह से जुड़ी महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है, जिससे वे सालाना एक लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर सकें।

बिहान परियोजना के तहत, पारंपरिक खेती से हटकर उन्नत किस्म के बीजों और नई तकनीकों का उपयोग करके अधिक मात्रा में उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही, पौधों में होने वाले रोगों की रोकथाम के लिए भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

परियोजना के पहले चरण में, स्वसहायता समूह से जुड़ी 1800 से अधिक दीदियों ने अपने घरों के बाड़ी में 5 से 10 डिसमिल भूमि पर लतर वाली सब्जियों जैसे करेला, बरबटी, लौकी, तरोई और गिलकी का उत्पादन शुरू किया है। इसके लिए उन्होंने मल्चिंग और मचान जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया है।

ग्राम कलचा के जयंती बघेल बिहान स्व सहायता समूह की सदस्य हैं और लगभग 15 डिसमिल में सब्जी उत्पादन कर रही हैं। इसी तरह ग्राम नेगीगुड़ा की पद्मा बघेल रुपशिला स्व सहायता समूह से जुड़ी हैं और 10 डिसमिल में सब्जी उगा रही हैं। ग्राम बीजापुट की चंपा बघेल जीवन ज्योति स्व सहायता समूह की सदस्य हैं और 25 डिसमिल में, जबकि ग्राम करणपुर की हीरामणि दुलार देई स्व सहायता समूह की सदस्य हैं और 5 डिसमिल में सब्जी उत्पादन कर रही हैं।

इस पहल से गांवों में सब्जियों का पर्याप्त उत्पादन हो रहा है, जिससे न केवल स्वयं के परिवार के पोषण और स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, बल्कि बाजार से सब्जी खरीदने पर होने वाले खर्च में भी कमी आ रही है। इस बचत राशि का उपयोग महिलाएं अपनी दैनिक आवश्यकताओं, बच्चों की पढ़ाई, संपत्ति निर्माण या नए व्यवसाय में कर सकती हैं। इसके अलावा, अतिरिक्त सब्जी को स्थानीय बाजारों और छोटी मंडियों में बेचकर महिलाएं अपनी आय बढ़ा रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

# बच्चों को बेहतर शिक्षा देने सरपंच ने शिक्षक शिक्षिकाओं से की गुजारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा

बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गढ़यि में शिक्षक शिक्षिकाओं की एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक ग्राम पंचायत गढ़यि सरपंच भरत कश्यप,उपसरपंच व पंचायत शिक्षा समिति के अध्यक्ष संतुराम कश्यप की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस मौके पर स्कूल में छात्रों

■ ग्राम पंचायत गढ़िया में हुई बैठक में की गई चर्चा

छात्राओं को शिक्षा में सुधार लाने, एकल शिक्षक की समस्या, शिक्षक की मांग,और स्कूलो व छात्रवासों में छात्रों- छात्राओं के लिए शौचालय निर्माण,जर्जर भवन सुधार, बाउंड्रीबाल,खेल मैदान निर्माण, पेयजल की व्यवस्था जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया। सरपंच ने कहा कि छात्रों छात्राओं को अच्छी शिक्षा दिजिए इस तरह कि वे अपने जीवन में, गांव में,प्रदेश में, देश में अच्छे स्थान प्राप्त कर सके नाम रोशन करे। उन्होंने बेहतरी पर बल देते हुए कहा कि मध्यान्ह भोजन व्यवस्था में सुधार हो बच्चों स्वास्थ्य रहें। इस दौरान सुदरू सेठिया, मनन कश्यप,हाई स्कूल प्रिंसिपल बसंत बर्मन,बुधसन नाग,सुखचंद कश्यप,रमनी मौर्य,टामीन ठाकुर,रेहाना सिद्दीकी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं उपस्थित थे।



# मिलन संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सफाई अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शनिवार को मिलन संघ आड़ावाल के द्वारा मिलन चौक से बायपास चौक की सफाई अभियान चलाया गया। देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता के आह्वान के बाद लोगो में जागरूकता आ रही है ।इस कड़ी में मिलन संघ द्वारा प्रति शनिवार स्वच्छता अभियान

■ अभियान में आड़ावाल स्कूल के एनएसएस के बच्चे भी हुए शामिल

चलाने की घोषणा पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। आज के स्वच्छता कार्यक्रम में मिलन संघ के अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, सचिव अमित दास, उपसरपंच दिनेश जाना, सयुक्त सचिव अमित सरकार, समित देव, चंदन चक्रवर्ती, मणिलाल सरकार, तपन राय,रवि चक्रवर्ती, संदीप राय, प्रवीर पाल, गुप्तेश्वर नायडू,दीपाली डे, श्रीमती पार्वती मालाकार, श्रीमती भारती दास, संगीता महाराणा, सौरभ घोष, राजकुमार विश्वास, मानिक हवलदार, संजय घोष, आड़ावाल स्कूल के पीटीआई डोरिश सुना सहित एन एस एस छात्र छात्राएं इस सफाई अभियान में अपना योगदान दिया। अंत में सभी बच्चो को मिलन संघ की ओर से कलम दिया गया। मिलन संघ के अध्यक्ष ने बच्चो से कहा की आप सभी की जिम्मेदारी है की अपने अपने गांव मे भी लोगो को जागरूक कर स्वच्छता के प्रति जागरूक करे । पढ़ाई के साथ साथ देश की सेवा में भी अपना योगदान दीजिए कहा।

# राज्य का भला चाहने वाला हर व्यक्ति है छत्तीसगढ़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कुर्मी क्षत्रिय समाज ने रविवार को हाटगुड़ा स्थित सामाजिक भवन में डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती मनाई । इस मौके पर डॉ. बघेल के आदर्शों पर चर्चा करते हुए संरक्षक जेपी

■ कुर्मी समाज ने हाटगुड़ा में मनाई डॉ खूबचंद बघेल जयंती

कौशिक ने कहा कि डॉ. साहब ने कहा था कि जो व्यक्ति छत्तीसगढ़ का भला चाहता है वह छत्तीसगढ़िया है। चाहे वह किसी भी जाति पंथ या राज्य का हो। सदियों से छत्तीसगढ़ ने लाखों लोगों को आश्रय दिया है। छत्तीसगढ़ सिर्फ एक भूखंड नहीं अपितु आत्मीय भावनाओं से परिपूर्ण मां की गोद है।

सामाजिक बैठक में उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात वक्ताओं ने सामाजिक सरोकारों पर अपनी बात रखी। कौशिक, रामेश्वर चंद्र ने बताया कि कृषक परिवार में जन्म लेने वाले डा. खूबचंद बघेल शासकीय सेवा छोड़ कर स्वतन्त्रता संग्राम में भाग लेने वाले अग्रणी सेनानी थे। वे अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय समाज के दो बार अध्यक्ष रहे। छत्तीसगढ़ का शोषण, यहाँ के लोगों का अपमान एवं अत्याचार से आहत होकर उन्होंने छत्तीसगढ़ भ्रातृसंघ की स्थापना की थी।

इस मौके पर राजेश वर्मा, शिव वर्मा, गजेंद्र दिल्लीवार, संतोष वर्मा, कृष्णा वर्मा, रूखमणी कौशिक, वैदेही कौशिक, अन्नूलता चंद्रा, लव्य कुमार चंद्रा आदि मौजूद रहे।



### एनक्वॉस पर कार्यशाला

**जगदलपुर।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारपारा में एनक्वॉस से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री, डॉ. एसएस टेकाम, डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन और शहरी प्रोग्राम मैनेजर पीडी बस्तीया उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा एनक्वॉस से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को दी और इसके आधार पर तैयारी कर नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस स्टैंडर्ड का प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

एजेंसी देनी है
कोण्डागांव जिले के माकड़ी, बांसकोट एवं विश्रामपुरी में एजेंसी देनी है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
संपर्क करें
हरिभूमि
संभागीय कार्यालय जगदलपुर
पूनम हॉटल, प्रतापगंज पारा
मोबाईल नंबर
9131893124

